NT>

Title: Need to release adequate funds for proper maintenance of National Highway No. 101 in Bihar − Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज): अध्यक्ष जी, विगत दो माह पूर्व बिहार में आई बाढ़ में बिहार के अन्य जिलों के साथ साथ मेरा संसदीय क्षेत्र महराजगंज भी जलमग्न रहा। बाढ़ की विभिाका के कारण सड़क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, इसी के साथ साथ छपरा मोहम्मदपुर मार्ग, जो राट्रीय राजमार्ग संख्या 101 है, भी बुरी तरह प्रभावित हुआ और सड़क के नाम पर कहीं कहीं सड़क के अवशेा भर रह गए हैं। छपरा मोहम्मदपुर मार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग है, जो दो राट्रीय राजमार्गो को जोड़ने के साथ साथ व्यापारिक दृटिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मार्ग के राट्रीय राजमार्ग के रूप में सरेखन से स्वाभाविक ही बिहार सरकार इसकी मरम्मती एवं निर्माण कार्यो से संबद्ध नहीं है तथा यह क्षतिग्रस्त मार्ग अब पूर्णतः केन्द्रीय अनुदान द्वारा ही निर्मित किया जाना चाहिए। मैं समझता हूं कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यो को प्राथमिकता पर रखा जाना चाहिए।

यह ज्ञातव्य है कि बाढ़ की भयंकर विभिाका के चलते राट्रीय राजमार्ग संख्या 101 में 30 कि0मी0 से 45 कि0मी0 से 60 कि0मी0 तक सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है।

अतः आग्रह है कि इस सड़क की मरम्मत हेतु केन्द्र सरकार निधि आबंटन करने का कट करे ताकि यह जनोपयोगी कार्य शीघ्र हो सके।